माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1851/ गोपनीय/एम0एस0यू0/2024–25 दिनांकः 03/04/24

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान।

विषय :– प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा कराकर अंकपर्ण ऑनलाइन पोर्टल पर तथा विश्वविद्यालय जमा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र 1622/गोपनीय/एम0एस0यू0/2023–24, दिनांक 02.03.2024 एवं दिनांक : 10.02.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिनके द्वारा विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा कराने के लिए निदेशित किया गया था, किन्तु यह संज्ञान में आया है कि अधिकांश महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा अपने विद्यार्थी के विषम सेमेस्टर के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न नहीं कराई है और कतिपय महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा विषम सेमेस्टर के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा नहीं की है। माननीय कुलपति जी द्वारा इस पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह आदेश प्रदान किये गये हैं कि ऐसे महाविद्यालय/संस्थान जिन्होंने अपने विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा कराकर अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में तत्काल जमा कराना सुनिश्चित करें।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिन महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा अपने विद्यार्थी के विषम सेमेस्टर के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न नहीं कराई तथा महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा सेमेस्टर के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा नहीं की है, वे महाविद्यालय/संस्थान विषम सेमेस्टर के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर ऑनलाइन अपलोड करते हुए अंकपर्ण की दो प्रतियाँ विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में तत्काल जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में जिन महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा विषम सेमेस्टर के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंकपर्ण विश्वविद्यालय में जमा नहीं किये गये हैं उन महाविद्यालयों का परीक्षाफल रोककर परीक्षाफल घोषित किया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का होगा।

भवदीय,

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ–
1. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. प्राचार्य/प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
3. गार्ड फाईल

परीक्षा नियन्त्रक